बाबा तुमसे ही शान है | By Pinky Narayan

तुमसे मेरा ये जीवन तुमसे ही शान है
दुनिया में तुमसे बाबा मेरी पहचान है
तुम हो तो ये ज़माना कहता है दिल दीवाना
और कुछ ना जानू में बस इतना ही जानू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू
दिल मेरा कहता है बाबा मैं क्या करू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू

अपने ही रंग में सांवरे रंग में सांवरे रंग दिया है मुझे
सबको भुला कर मन से मिटा कर माना है एक ही बस तुझे
मेरी साँसों में आजा श्याम दिल में समां जा
और कुछ ना चाहूँ में बस इतना ही चाहूँ
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू
दिल मेरा कहता है बाबा मैं क्या करू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू

सपना सजाते अपना बनाते हर कदम संग तेरे मैं रहूं
जैसे दिया बाती बन जा तू साथी और कुछ सांवरे ना चाहूँ
कर ली प्रेम सगाई अब ना तड़पा कन्हाई
और कुछ ना जानू में बस इतना ही जानू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू
दिल मेरा कहता है बाबा मैं क्या करू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू

मैं हूँ एक कश्ती तू है मेरा मांझी साथ जन्मो का ये मेरा
दिल ये पुकारे हारे के सहारे बेधड़क साथ चाहूँ तेरा
धूल चरणों की पाऊं अपनी किस्मत जगाऊँ
और कुछ ना चाहूँ में बस इतना ही चाहूँ
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू
दिल मेरा कहता है बाबा मैं क्या करू
तुझमे सब दिखता है बाबा मैं क्या करू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-pinky-narayan/